लापरवाही ▶ ड्यूटी इंचार्ज डॉक्टर समेत अन्य को अधीक्षक ने किया तलब, जांच कमेटी होगी गठित

# मेडिकल में नवजात बच्चों की अदला-बदली



**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के गायनिक विभाग में मृत बच्ची शिशु का शव बताकर परिवार को थमा दिया गया जब परिवार शव को दफनाने के लिए ले गया तो परिजनों ने बताया कि बच्ची नहीं बच्चा पैदा हुआ था। मामले की जब जांच पड़ताल शुरू हुई तो गड़बड़ी सामने आई। मामले में मेडिकल अधीक्षक ने ड्यूटी इंचार्ज डॉ परिहार समेत अन्य से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही जांच कमेटी गठित होगी जिसके बाद जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

मोक्ष संस्था के आशीष ठाकुर ने बताया कि धर्मेंद्र बर्मन 40 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत पटोरी मझौली की पत्नी सुनीता को 30 वर्ष को डिलेवरी के लिए 23 अगस्त को इलाज के लिए भर्ती कराया। जन्मजान बच्चा सीरियस था। जिसे बाद में एनएसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। 25 अगस्त को को बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। परिजन जब शव को लेकर तिलवारा घाट पहुंचे तो उन्होंने पाया जो नवजात मृत शव परिवार को दिया गया वह लड़के का था यह बात नर्मदा तट पर धर्मेंद्र ने लोगों को बताई लोगों ने समाजसेवी आशीष ठाकुर से संपर्क किया परिवार और शव को कैजुअल्टी भेजा गया सहयोगी के साथ लाया गया। जहां संबंधित विभाग ने मामला गंभीर नहीं लिया तत्पश्चात अधीक्षक और डिपार्टमेंट को सूचना दी गई इसके हस्तक्षेप के बाद महकमा हड़कंप में आया क्योंकि सुबह-सुबह स्टाफ उपस्थित नहीं था मृतक बच्चे की जानकारी खंगली गई तो पता चला कि दो महिलाओं की डिलेवरी हुई थी। दोनों नवजात शिशुओं की मौत हो गई और नाम दर्ज करने में गड़बड़ी हुई थी। जिसके चलते बच्चों की अदला बदली हो गई। हालांकि बाद में परिवार को उनके नवजात बच्चों के शव दोनों परिवार को सौंपा गया। जिसके बाद धर्मेन्द्र के मृत नवजात शिशु का मोक्ष ने अंतिम संस्कार किया।

**इनका कहना है**

एक समय पर दो बच्चों की मौत हुई थी नाम दर्ज करने में गलती हुई है जिनकी ड्यूटी थी उन्हें बुलाया गया हैं। जांच टीम गठित होगी जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**डॉ अरविन्द्र शर्मा**
**अधीक्षक, मेडिकल**

## प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट तक निकालेगी रैली

**जबलपुर।** जबलपुर में 26 अगस्त को कांग्रेस पार्टी द्वारा एक ऐतिहासिक वोट न्याय यात्रा - वोट चोर गद्दी छोड़ यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी करेंगे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि जीतू पटवारी आज सुबह 1 बजे ,अंधमुख बायपास पहुंचेंगे जहाँ पर प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा। वहाँ से सड़क मार्ग द्वारा धनवंतरी नगर, त्रिपुरी चौक, मदन महल, तीन पत्ती चौराहा और मालवी चौक होते हुए, दोपहर 2 बजे शहीद स्मारक, गोल बाजार पहुंचेंगे। इसके पश्चात् कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी कलेक्ट्रेट की ओर विशाल पैदल मार्च करेंगे। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी और ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी दोनों की संयुक्त भागीदारी रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया है कि यह यात्रा जबलपुर में लोकतंत्र की रक्षा और जनादेश की गरिमा की बहाली का प्रतीक बनेगी।

# हनुमानताल तालाब में रिटायर रेलवे कर्मचारी का शव मिला

**हत्या, हादसा, आत्महत्या एंगल पर पुलिस ने शुरू की जांच**



**जबलपुर।** हनुमानताल तालाब में सोमवार सुबह 11 बजे रिटायर रेलवे कर्मचारी का शव उतराता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। मृतक ने आत्महत्या की है या वह किसी हादसे का शिकार हुआ है इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस हत्या एंगल पर भी जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के मुताबिक रेलवे सुभाष कॉलोनी निवासी 61 वर्षीय सुशीलकांत वर्मा आरक्षण केंद्र में मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक के पद पर थे वह जून माह में सेवानिवृत्ति हो चुके थे। वर्मा वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के पूर्व मंडल सचिव भी रह चुके हैं। बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।बीती रात नौ बजे वह घर से ऑटो में सवार होकर निकले थे लेकिन वापिस नहीं लौटें। चिंतित परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की लेकिन उनका पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह हनुमानताल तालाब में उनकी लाश मिली।

### तालाब में डूबने से वृद्धा की मौत

शहपुरा थाना अंतर्गत नटवारा तालाब तलैया में डूबने से वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अशोक चक्रवर्ती निवासी ग्राम नटवारा ने सूचना दी कि सोमवार सुबह लगभग 05-06 बजे उसकी बड़ी मां रेवती बाई पति स्व. परमलाल चक्रवर्ती 95 वर्ष निवासी ग्राम नटवारा थाना शहपुरा की नटवारा तालाब तलैया मकान के पीछे निस्तार के लिए गयी थी जो काफी देर होने के बाद वापस नहीं आई तो परिजनो ने जाकर देखा जो तालाब के किनारे पानी में डूबी हुई थी। तलैया में गिर कर पानी में डूब जाने से बडी मां रेवती की मौत हो गई।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट, एफआईआर दर्ज

जबलपुर। फेसबुक में मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले के खिलाफ अधारताल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली हैं। पुलिस के मुताबिक सुदीप कुमार सिंह पिता धर्मराज सिंह 40 वर्ष निवासी संजय नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीमा सलाहकार ऐजेंट हैं एवं सुभाषचंद्र बोस मंडल अधारताल भारतीय जनता पार्टी का मंडल महा मंत्री के पद पर हैं। फेसबुक पर सुरेश मिश्रा नाम के एकाउंट में मुख्यमंत्रीके लिखाफ आपत्तिजनक पोसट की गई। पोस्ट से बहुत आहत हुआ। पार्टी के खिलाफ गलत संदेश फैलने से संगठन में आक्रोश व्याप्त है एवं अराजकता की भावना फैली हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया हैं।

## हाईवे पर दो दोस्तों के साथ लूट

**जबलपुर।** मझौली ब्रिज के पास एनएच 30 रोड पर तीन लुटेरों ने झपट्टा मार कर दो दोस्तों का मोबाइल लूट लिया। सिहोरा पुलिस ने बताया कि सतेन्द्र गोटिया 40 वर्ष निवासी इमरिया पिपरिया अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्रायवरी करता है। दोस्त धीरज गौतम के साथ उसकी मोटर सायकल से कटनी जाने के लिये दोनों जबलपुर के लिये चले थे। रात लगभग 9-30 बजे मझौली ब्रिज के पास एनएच 30 रोड़ पर पीछे से मोटर सायकल में तीन लडके जिनकी उम्र लगभग 20-25 वर्ष आये और हम दोनों के मोबाइल फोन पेंट की पाकिट से झपट्टा मारकर छुड़ाकर ब्रिज के नीचे तरफ तीनों मोटर सायकल से भाग गये।

# कुख्यात बदमाश की हत्या करने के इरादे से चाकुओं से गोदा

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में कुख्यात बदमाश की हत्या करने के इरादे से आरोपियों ने चाकुओं से गोद दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए बाद में घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने बताया कि सर्वेन्ट क्वाटर गढ़ा निवासी सागर उर्फ मान्या 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घर के बाहर खड़ा था रात लगभग 9-30 बजे मोहल्ले के अनिकेत बाल्मीक, छोटू बाल्मीक, संदीप बाल्मीक एवं पियूष बाल्मीक पुरानी बुराई पर से जान से मारने को कहने लगे जान से मारने की नियत से संदीप ने पकड़ लिया और पियूष बाल्मीक, छोटू बाल्मीक, एवं अनिकेत बाल्मीक ने चाकू से हमलाकर पेट, पीठ, जांघ में चोटें पहुँचा दीं , चारों भाग गये। टीआई का कहना है कि घायल का आपराधिक रिकॉर्ड हैं। जिसके खिलाफ आठ अपराध दर्ज है। पुरानी रंजिश पर वारदात हुई है और आरोपियों की तलाश जारी हैं।

### जूनियर डॉक्टरों पर चाकू से हमला

मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियां की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पतालमें विष्णु सुतार,. रोहित सोलंकी जूनियर डॉक्टर है। सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे कॉलेज परिसर के बाहर तीन बदमाश अचानक पहुंचे और अचानक चाकू से वार कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। जूनियर डॉक्टरों पर हुए हमले से डॉक्टरों में आक्रोश है।

# अपहरण, दुष्कर्म और प्रताड़ना के बाद नाबालिग ने की थी खुदकुशी

▶ **जांच के बाद आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में अपहरण, दुष्कर्म के बाद एक नाबालिग आरोपित प्रताड़ित करने लगा जिसे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली थी। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बरेला निवासी एक नाबालिग ने आत्महत्या कर ली थी। मृतिका नाबालिग है इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद हुआ था। इसके अलावा वह गर्भवती थी इसका पता चला। जांच में यह बात सामने आई कि अधारताल निवासी रमन ने जब वह 15 साल की थी तब उसका अपहरण किया था और प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया था। इसके बाद दोनों पति-पत्नी के रूप में रहने लगे थे। जब किशोरी गर्भवती हुई तो रमन उसे आए दिन प्रताड़ित करने लगा था।

# नवरात्रि, दिवाली एवं छठ त्यौहारों में स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा दुर्गा, दिवाली एवं छठ त्यौहारों के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति, जबलपुर-दानापुर-जबलपुर एवं रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेनों की 80 सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। 01667 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 से 01 सितंबर तक द्वि-साप्ताहिक शनिवार एवं मंगलवार को दोपहर 14.25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वही पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 26 से 05 नवंबर तक द्वि-साप्ताहिक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19.35 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08.45 बजे दानापुर पहुँचेगी।

**परिवर्तित मार्ग से जाएगी दयोदय-** पश्चिम मध्य रेल, कोटा मंडल के सवाई माधोपुर स्टेशन पर जलभराव की स्थिति के चलते प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली यात्री गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग की बजाय परिवर्तित मार्ग से अपने गंतव्य को जाएँगी। गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग की बजाय परिवर्तित मार्ग वाया अजमेर चाँदेरिया फुलेरा होते हुए अपने गंतव्य को जाएगी।

**गया के लिए चलेगी पितृपक्ष स्पेशल-** पितृपक्ष के अवसर पर गया में पिंडदान हेतु बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा जबलपुर-गया-जबलपुर स्पेशल ट्रेन स्पेशल फेयर पर चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते।

# रादुविवि में तैयार हो रहा नर्सिंग और पैरामेडिकल का अध्यादेश

**नवभारत, जबलपुर।** न्यू एजुकेशन पॉलिसी लागू होने के बाद बदली हुई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पैरामेडिकल व नर्सिंग पाठ्यक्रमों को लेकर आर्डिनेंस में व्यापक संशोधन की आवश्यकता पड़ने पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने रादुविवि को पैरामेडिकल व नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए अध्यादेश भी तैयार करने निर्देश दिए हैं। जिसके बाद विवि के प्रो. सुरेन्द्र सिंह को पैरामेडिकल एवं प्रो. सरदुल सिंह संधु को नर्सिंग की अध्यक्षता वाली दो अलग-अलग कमेटी गठित करके अध्यादेश तैयार करेंगे । कुलगुरु प्रो. डॉ राजेश वर्मा ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मिले निर्देश पर विवि में विषय विशेषज्ञों की सदस्यता वाली कमेटी अध्यादेश बनाने में लगी हुई है। जल्द ही पैरामेडिकल और नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए आर्डिनेस का खाका तैयार शासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### कमेटी में ये प्रो. शामिल

रादुविवि द्वारा अध्यादेश तैयार करने एक कमेटी गठित की है, जिसमें प्रो. सुरेन्द्र सिंह निर्देशक कौशल विकास संस्थान (विज्ञान भवन) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, प्रो. अजय फौजदार विभागाध्यक्ष फिजियोथेरिपी विभाग नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर, आलोक मुखर्जी, एसोसिएट प्रोफेसर एमएन कालेज जबलपुर, अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग भोपाल, प्रभारी आईक्यूएसी सेल रादुविवि शामिल हैं।

# साइबर ठग ने किसान के खाते से निकाल लिए 15 लाख



**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत बम्हौरी निवासी किसान के खाते से साइबर ठग ने 15 लाख रुपए निकल लिए। पीड़ित बाल गोविंद पटेल ने बताया कि 15 अगस्त को उसके पास एक नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को वोडाफोन आईडिया कर्मचारी बताते हुए कहा कि आपका नंबर बंद होने वाला है, इसलिए वैरिफिकेशन के लिए आधारकार्ड नंबर बता दीजिए। उसने तत्काल अपना आधार नंबर बता दिया। इसके बाद कॉलर ने ओटीपी भेजा गोविंद ने ओटीपी नहीं बताया।इस बीच किसान के तीन अलग-अलग खातों से करीब 15 लाख रुपए निकल गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की हैं पुलिस जांच करने में जुट गईं हैं।






# सिविक सेंटर के ट्रांसफॉर्मर में भड़की आग, टला बड़ा हादसा

▶ **फायर अमले ने आग पर पाया काबू**



**नवभारत,जबलपुर।** सिविक सेंटर स्थित प्रेस कॉम्पलेक्स के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब जोरदार आवाज के साथ एक ट्रांसफॉर्मर में आग भड़क उठी। आग लगते ही वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल इसकी सूचना फायर अमले व एमपीईबी को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अमले ने आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी दुर्घटना घटित हो जाती। क्योंकि ट्रांसफॉर्मर के नीचे कई चार पहिया वाहन खड़े हुए थे इसके साथ ही वहां अन्य प्रतिष्ठान, दुकानें भी मौजूद थीं।

## फ्लेक्स बांधते समय 20 फिट ऊंचाई से गिरे युवक की मौत

**जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत सिविक सेंटर चौपाटी में फ्लेक्स बांधते समय 20 फिट ऊंचाई से गिरे युवक की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सलमान खान 26 वर्ष निवासी राजीवनगर मोहरिया थाना अधारताल का 18 अगस्त को सुबह 4 बजे सिविक सेंटर चौपाटी में 20 फिट की ऊंचाई पर फ्लेक्स बांध रहा था तभी अचानक नीचे गिर गया था हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटें आ गई थी जिसे उपचार के लिए सहकर्मी दिलशाद द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसकी इलाज के दौरान सोमवार 11:30 बजे मौत हो गई।


























